Bareilly Thursday
14 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹3.00
Pages 14

दैनिक जागरण inext

Page No. 06 : Middle

श्रीराममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 Oct): श्रीराममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2021 के तीसरे सीजन का आगाज 18 अक्टूबर से मैच 27 अक्टूबर को खेला जाएगा. अब तक जिले के 16 स्कूलों ने इसमें शामिल होने के लिए स्वीकृति दी है. यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव और टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी. उन्होंने कहा कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रीराममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ वर्ष 2017 में किया गया था. 2017 में विद्या भवन और 2018 में जीआरएम की टीम ने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया था.

डेली खेले जाएंगे दो मैच

आदित्य मूर्ति ने कहा कि टूर्नामेंट के सभी मैच इंजीनियरिंग कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किए जाएंगे. 20-20 ओवर का यह टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा. जो टीम जीतेगी उसे अगली टीम के साथ खेलने का मौका मिलेगा. अंत में बची हुई चार टीमों के बीच सेमीफाइनल होगा और उसके विजेताओं के बीच फाइनल मैच 27 अक्टूबर को खेला जाएगा. इसमें 12वीं तक के स्टूडेंट्स भाग लेंगे.

अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 14 अक्तूबर 2021

Page No. 07 : Middle

श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

बरेली। श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 18 अक्तूबर 2021 से एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। इस टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 27 अक्तूबर 2021 को संपन्न होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने प्रतिभागिता के लिए स्वीकृति दी है। यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव एवं आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी।